सात कुंटल 20 किलो नकली बीज बरामद, गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 03 Jun 2018 11:27 PM (IST)

बहराइच) : रिसिया में नकली बीच के साथ व्यापारी को दबोच लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

रिसिया कस्बे में एक प्राइवेट कंपनी की नकली बीज की बिक्री की सूचना कंपनी के अधिकारियों को मिली। व्यापारी जुग्गी लाल पुत्र बेचन निवासी मानपुर थाना सोनवा जिला श्रावस्ती रिसिया में बबलू बीज भंडार पर धान की आराइज 6444 की नकली बीज की आपूर्ति करने आया था। पहले से मौजूद कंपनी के जांच अधिकारी प्रदीप दलाल पुत्र शमशेर दलाल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर छापामारी कर धान की सात ¨क्वटल 20 किलो नकली बीज बरामद किया। पुलिस ने प्रदीप दलाल की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी व गोंडा की जांच टीम भी मौजूद रही। नकली बीज का नमूना भी सुरक्षित रख लिया गया है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bahraich-crime-policing-arrest-fake-seeds-bahraich-uttar-pradesh-18038116.html